मुख्यमंत्री ने सुकमा ‘सी-मार्ट’का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

18 मई, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के द्वितीय चरण में सुकमा ज़िला मुख्यालय में 58 लाख की लागत से निर्मित सी-मार्ट (छत्तीसगढ़ मार्ट) का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने मार्ट से कोदो, कुटकी, रागी, सुगंधित चावल, तीखुर, मसाले का आदि का क्रय कर मार्ट की बोहनी कराई और 1348 रुपए मूल्य के उत्पादों की खरीदी कर वे सुकमा ‘सी-मार्ट’के फर्स्ट कस्टमर बने।
- सुकमा सी-मार्ट में ज़िले में कार्यरत 35 स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पाद, जैसे- शबरी मसाले, शबरी फूड्स, महुआ, काजू, कॉस्मेटिक, साबुन, फिनॉइल, हाइजीन प्रोडक्ट्स, जैसे- सेनेटरी नैपकीन आदि, वनोपज से निर्मित उत्पाद जैसे- अश्वगंधा चूर्ण, गिलोय, मुलेठी और वन औषधि, एलोवेरा, आमला, महुआ लड्डू आदि से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुएँ सहित कुल 81 उत्पाद वर्तमान समय में उपलब्ध हैं।
- सुकमा सी-मार्ट का संचालन शक्ति महिला समूह ग्राम संगठन ग्राम रामाराम द्वारा किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती प्रदान करने की दिशा में महिला स्व-सहायता समूहों, शिल्पकारों, बुनकरों, दस्तकरों, कुंभकारों और अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ही छत के नीचे विक्रय करने के लिये सी-मार्ट की स्थापना की जा रही है।
- सी-मार्ट में गौठानों में कार्यरत महिला स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार विभिन्न तरह के उत्पाद समेत गाँवों में बनने वाले अनेक तरह के उत्पाद एक छत के नीचे बिक्री के लिये उपलब्ध होते हैं।
- इससे ग्रामीण स्तर पर रोज़गार के साधन बढ़ेंगे। सी-मार्ट महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों के लिये आत्मनिर्भर बनने की राह में मील का पत्थर साबित होगा। उनसे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-dedicates-sukma-c-mart